ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2023

# GRADE 5

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 30

**Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **एच बी पेंसिल** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 30 **बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णत: **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश:** इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।

**1. 'मानव' शब्द से बना सही भाववाचक संज्ञा शब्द है–**

(A) मानवीय
(B) मानवेंद्र
(C) मानवता
(D) अमानव

**2. किस वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(A) अध्यापक बच्चों को दौड़ा रहे हैं।
(B) दादा जी बच्चों को कहानी सुना रहे हैं।
(C) वह दूसरों से काम नहीं करवाता।
(D) मैं विद्यालय जा रहा हूँ।

**3. कौन-सा चिह्न अल्पविराम का है?**

(A) [ ; ]
(B) [ , ]
(C) [ - ]
(क) [ ! ]

**4. 'आर्शीवाद' शब्द का सही रूप कौन-सा है?**

(A) आरशीवाद
(B) आश्रीवाद
(C) आर्शिवाद
(D) आशीर्वाद

**5. कौन-सा शब्द 'इच्छा' शब्द का सही विलोम शब्द है?**

(A) स्वेच्छा
(B) अइच्छा
(C) अनिच्छा
(D) तीनों उत्तर ग़लत।

**6. 'ग्रह-गृह' के लिए कौन-सा शब्द युग्म समानार्थी है?**

(A) घर - नक्षत्र
(B) ग्रहण - नक्षण
(C) नक्षत्र - घर
(D) ग्रहण - घर

**7. भाषा के चारों कौशलों में पहला कौशल कौन-सा माना गया है?**

(A) पढ़ना
(B) बोलना
(C) सुनना
(D) लिखना

**8. चंद्रबिंदु ( ँ ) किस ध्वनि का चिह्न है?**

(A) अनुस्वार का
(B) 'ऑ' स्वर का
(C) अनुनासिक का
(D) स्वर की मात्रा का

**9. कौन-सा वाक्य भूतकाल का है?**

(A) आप कहाँ रहते हैं?
(B) तुम क्यों नहीं गए?
(C) मैंने खाना खा लिया है।
(D) बिल्ली कमरे में है।

**10. व्याकरण के संबंध में कौन-सा कथन सही है?**

(A) व्याकरण के अंतर्गत भाषा के नियम आते हैं।
(B) भाषा के ये नियम ही यह बताते हैं कि भाषा का कौन-सा प्रयोग शुद्ध है तथा कौन-सा अशुद्ध।
(C) भाषा के इन नियमों का अध्ययन जिस शास्त्र के अंतर्गत किया जाता है, उसे ही व्याकरण कहते हैं।
(D) तीनों कथन सत्य।

**11. 'बच्चे <u>कमरे में</u> खेल रहे हैं।' वाक्य के रेखांकित पद का भेद है–**

(A) कालवाचक क्रियाविशेषण
(B) स्थानवाची क्रियाविशेषण
(C) रीतिवाची क्रियाविशेषण
(D) परिमाणवाची क्रियाविशेषण

**12. 'उपवन' शब्द के प्रारंभ में 'उप' उपसर्ग का अर्थ है–**

(A) निकट
(B) समान
(C) छोटा
(D) श्रेष्ठ

13. 'ज्ञ' किन व्यंजनों के योग से बनाया गया संयुक्त व्यंजन है?

(A) 'ज् + य' से
(B) 'ञ् + ज' से
(C) 'ज् + ञ' से
(D) 'ग् + य' से

14. 'रुद्र' शब्द का सही स्त्रीलिंग रूप है–

(A) रुद्रा
(B) रुद्री
(C) रुद्रानी
(D) रुद्राणी

15. इस पृथ्वी पर कठोरतम (hardest) पदार्थ कौन-सा है?

(A) लोहा
(B) पत्थर
(C) कोयला
(D) हीरा

16. 'वह लड़की प्रथम आई है, जो बहुत परिश्रम करती थी।' वाक्य के रेखांकित सर्वनाम का भेद है–

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम
(B) निश्चयवाचक सर्वनाम
(C) अनिश्यवाचक सर्वनाम
(D) संबंधवाचक सर्वनाम

17. 'आदर देने योग्य' के लिए एक शब्द है–

(A) आदरणीय
(B) समाद्रित
(C) आदरार्थ
(D) आदरमय

18. 'अपनी खिचड़ी अलग पकाना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(A) अपना भोजन अलग बनाना
(B) साथ मिलकर न रहना
(C) अपनी प्रशंसा खुद करना
(D) अपना नुकसान स्वयं करना

19. कौन-सा भाववाचक संज्ञा शब्द विशेषण से नहीं बना है?

(A) अच्छाई
(B) मोटापा
(C) दोस्ती
(D) भलाई

**20. कौन-सा वाक्य संयुक्त वाक्य है?**

(A) मुझसे आप झूठ न बोलें।
(B) जब पढ़ोगे, तभी पास होगे।
(C) मैंने बहुत समझाया पर वह नहीं मानी।
(D) शायद आज बारिश आए।

**21. कबीरदास की रचनाएँ किस भाषा में हैं?**

(A) ब्रज
(B) अवधी
(C) राजस्थानी
(D) खिचड़ी

**22. निम्नलिखित में से किसका संबंध भाषा के लिखित रूप से नहीं है?**

(A) समाचार-पत्र
(B) इंटरनेट
(C) पोस्टर्स
(D) टेलीफ़ोन

**23. निम्नलिखित में कौन-सा ऐसा शब्द है जो हमेशा बहुवचन में ही प्रयुक्त होता है?**

(A) प्राण
(B) नदी
(C) हवा
(D) कर्मचारी

**24. कौन-सा वाक्य मिश्र वाक्य है?**

(A) धीरे चलिए वरना गिर जाएँगे।
(B) परिश्रम करो और पैसा कमाओ।
(C) जो झूठ बोलता है उसे कोई प्यार नहीं करता।
(D) खाना खाकर जाइएगा।

**25. 'स् + अ + म् + अ + र् + थ् + अ' वर्णों के मेल से बना सही शब्द है–**

(A) समरथ
(B) समर्थ
(C) सम्रथ
(D) सर्मथ

**26. कौन-सा शब्द 'नाग' शब्द के लिए अनेकार्थी नहीं है?**

(A) सर्प
(B) हाथी
(C) बादल
(D) आकाश

**27. 'झगड़ालू' शब्द के अंत में कौन-सा प्रत्यय लगा है?**

(A) लू
(B) आलू
(C) ड़ालू
(D) तीनों उत्तर ग़लत।

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

**व्यापारी द्वारा चोरी की शिकायत किए जाने पर क़ाज़ी ने उसके सब नौकरों को बुलाया और सभी को एक-एक छड़ी देते हुए कहा, ''इन छड़ियों को आप सब अपने-अपने घर ले जाएँ और कल सुबह वापस ले आएँ। इन सभी छड़ियों की ख़ासियत यह है कि चोर के पास जाकर ये एक उँगली के बराबर अपने आप बढ़ जाती हैं। जो चोर नहीं होता, उसकी छड़ी ऐसी-की-ऐसी रहती है। न बढ़ती है, न घटती है। इस तरह मैं चोर और बेगुनाह की पहचान कर लेता हूँ।''**

**28. सभी छड़ियों की ख़ासियत क्या थी?**

(A) चोर के पास जाकर छड़ी एक उँगली के बराबर बढ़ जाती थी।
(B) चोर के पास जाकर छड़ी दो उँगली के बराबर बढ़ जाती थी।
(C) चोर के पास जाकर छड़ी एक उँगली से छोटी हो जाती थी।
(D) चोर के पास जाकर छड़ी टूट जाती थी।

**29. व्यापारी द्वारा चोरी की शिकायत करने पर क़ाज़ी ने क्या किया?**

(A) क़ाज़ी ने व्यापारी के सभी नौकरों को बुलाया।
(B) सभी नौकरों को एक-एक छड़ी दी।
(C) सभी को छड़ियाँ घर ले जाकर अगले दिन वापस लाने को कहा।
(D) तीनों उत्तर सही।

**30. 'बेगुनाह' शब्द का अर्थ है–**

(A) बेईमान

(B) दो गुनाह करने वाला

(C) निरपराध

(D) अपराधी

GRADE
5

हिंदी